
# द इटरनल ट्रुथ का प्रदर्शन 25 से

पत्रिका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**चेन्नई.** बाला देवी चंद्रशेखर 25 दिसंबर से आरके स्वामी हॉल, मइलापुर में अपने नवीनतम प्रोडक्शन 'एमएए - द इटरनल ट्रुथ' का प्रदर्शन शुरू करेंगी।

प्रकृति मां और मां के प्रेमपूर्ण स्वभाव को अर्पित यह जटिल प्रदर्शन एक मां के समान ही पोषण करने वाली, शक्तिशाली और जीवन देने वाली शक्ति के रूप में धरती मां की सुंदरता को उजागर करता है। हमारी धरती माता के वायु, जल, पशु और मनुष्य जैसे विभिन्न तत्वों और पहलुओं की परस्पर संबद्धता को दर्शाता है और कैसे हम सभी प्रकृति के भव्य डिजाइन का हिस्सा हैं। प्रदर्शन को इसकी प्रेरणा शास्त्रों, प्राचीन ग्रंथों और भारतीय साहित्य के दार्शनिक संदर्भों से मिलती है।